Email : railsamacharbureau@rediffmail.com, www.railsamacharbureauald.com

# रेल समाचार ब्यूरो

भारतीय रेल देश की जीवन रेखा है, इसका आधुनिकीकरण हमारी प्राथमिकता है

R.N.I.No. 51097/90 DN/XXX/2021-2023 Post AD No. 8

**सम्पूर्ण रेल जगत का प्रथम पाक्षिक**

**हमें रेलवे की तस्वीर और बेहतर बनानी होगी**

अपने शुभचिंतको को घर पर ही विदा करे, प्लेटफार्म पर नहीं

वर्ष-३० अंक-१० प्रयागराज रेल समाचार ब्यूरो १६ - ३१ मई २०२२ पृष्ठ ०८ मूल्य:१० रु.मात्र (रंगीन सहित)



## सरकार के ८ साल 'सेवा सुशासन और गरीब कल्याण' को रहे समर्पित-पीएम मोदी

पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के भरूच में वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए उत्कर्ष समारोह को संबोधित किया। यह कार्यक्रम जिले में राज्य सरकार की चार प्रमुख योजनाओं के शतप्रतिशत सैचुरेशन का उत्सव है, जो जरूरतमंद लोगों को समय पर वित्तीय सहायता प्रदान करने में मदद करेगा। इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र भाई पटेल उपस्थित थे। क्षेत्र की महिलाओं ने प्रधानमंत्री को एक विशाल राखी भेंट की, उनके स्वास्थ्य और लंबे जीवन की कामना की और देश में महिलाओं की गरिमा और जीवन को आसान बनाने के लिए उनके द्वारा किए गए सभी कार्यों के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। प्रधानमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से बातचीत की। प्रधानमंत्री ने एक महिला लाभार्थी से बातचीत की और उसके जीवन के बारे में पूछा और गरिमापूर्ण जीवन जीने के उसके दृढ़ संकल्प की प्रशंसा की। एक युवा विधवा ने अपने बच्चों को एक अच्छा जीवन देने की अपनी यात्रा के बारे में प्रधानमंत्री को बताया। प्रधानमंत्री ने सुझाव दिया कि उन्हें छोटी बचत में शामिल होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का ये उत्कर्ष समारोह इस बात का प्रमाण है कि जब सरकार ईमानदारी से, एक संकल्प लेकर लाभार्थी तक पहुंचती है, तो कितने सार्थक परिणाम मिलते हैं।

## बिहार में रेलयात्री सुविधा के विकास कार्यो हेतु इस वर्ष ६६०० करोड रूपये का किया गया आवंटन-अष्विनी वैष्णव



रे.स.ब्यू./सूत्र.हाजीपुर। अष्विनी वैष्णव, रेल, संचार, सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री, भारत सरकार द्वारा दिनांक ०७.०५.२०२२ को नई दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से झंझारपुर-निर्मली नव आमान परिवर्तित रेलखंड (३२ किमी) तथा निर्मली- आसनपुर कुपहा नई रेल लाईन (०६ किमी) का उद्घाटन किया गया। इसके उपरांत रेल मंत्री द्वारा नए रेलखंड पर ट्रेन सेवाओं के परिचालन का शुभारंभ गाड़ी संख्या ०५५५३ झंझारपुर- सहरसा डेमू स्पेशल को उद्घाटन स्पेशल के रूप में हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर रेल मंत्री अष्विनी वैष्णव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से झंझारपुर में उपस्थित गणमान्य अतिथियों एवं जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक है क्योंकि आज ८८ बर्षो के बाद इस क्षेत्र की एक बहुत बड़ी समस्या का समाधान हुआ है। इस रेलखंड के चालू हो जाने से कोसी नदी के दोनों छोर के लोगों की वर्षो पुरानी लंबित मांग पुरी हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का विजन है कि पूर्वी क्षेत्र के उदय से ही भारत का उदय संभव है। साथ ही उन्होंने कहा कि बिहार में रेल अवसंरचना एवं यात्री सुविधा के विकास कार्यो हेतु इस वर्ष ६६०० करोड़ रूपये का आवंटन किया गया है। इस अवसर पर झंझारपुर स्टेशन पर भी एक समारोह का आयोजन किया गया जिसमें ऊर्जा, योजना एवं विकास मंत्री, बिहार सरकार, बीजेंद्र प्रसाद यादव रिवहन मंत्री, बिहार सरकार,शीला कुमारी, सांसद, झंझारपुर, रामप्रीत मंडलय सांसद, सुपौल, दिलेश्वर कामैत सहित कई गणमान्य अतिथिगण उपस्थित थे।

## चिकित्सा क्षेत्र में व्यवसाय नहीं भाव होना जरूरी-सीएम योगी

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। चिकित्सा में व्यवसाय नहीं बल्कि चैरिटी का भाव होना चाहिए,यह बातें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कही। मुख्यमंत्री रविवार दिनांक १५.०५.२०२२ को राजधानी में ग्लोब हेल्थ केयर अस्पताल के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि १९४७ से २०१७ तक उत्तर प्रदेश में १२ सरकारी मेडिकल कॉलेज थे, लेकिन २०१७ के बाद महज पांच सालों में ५६ मेडिकल कॉलेज बने।



उन्होने कहा की ज्यादा से ज्यादा निजी अस्पतालों को आयुष्मान योजना से जुड़कर मरीजों की सेवा करनी चाहिए उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों के लिए सरकार ने चिकित्सा क्षेत्र में तमाम सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं। चिकित्सा क्षेत्र में रोज नए प्रयोग व आविष्कार हो रहे हैं। ऐसे में शासन के साथ-साथ अब प्राइवेट अस्पताल भी अपनी भागीदारी देने के लिए आगे आ रहे हैं। इससे स्थानीय स्तर पर लोगों को काफी मदद मिलेगी।उन्होंने कहा कि टाटा कैंसर अस्पताल में इलाज कराने वाले लोगों में सबसे ज्यादा उत्तर भारत के हैं।

लखनऊ में एसजीपी-जीआईई के बाद कल्याण सिंह सुपर स्पेशियलिटी कैंसर इंस्टीट्यूट का निर्माण कराया गया। अब निजी क्षेत्र में भी सुविधाएं बढ़ रही हैं। केंद्र सरकार की योजनाओं की मदद से यूपी तेजी से आगे बढ़ रहा है।

यूपी ने कई मॉडल दिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इंसेफेलाइटिस उन्मूलन के अंतिम चरणों में है।

हिन्दी भाषा रेल की भाषा
हिन्दी भाषा देश की भाषा

# महाप्रबंधक ने ०५ रेल कर्मचारियों को प्रदान किए संरक्षा पुरस्कार



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। महाप्रबन्धक, उत्तर मध्य रेलवे, प्रमोद कुमार, ने उत्तर मध्य रेलवे के विभागाध्यक्षों की उपस्थिति में दिनांक १०.०५.२०२२ को संरक्षा के प्रति किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए झांसी, आगरा एवं प्रयागराज मण्डलों से चयनित ०५ रेल कर्मचारियों को संरक्षा पुरस्कार प्रदान किए गए।

पुरस्कृत कर्मचारियों में अखिलेश वर्मा, हेल्पर/कानपुर, प्रयागराज मण्डल, धीरेन्द्र प्रताप, ट्रैक मेन्टेनर-II भरवारी, प्रयागराज, हरकेश मीना, प्वाइण्टसमैन, कोटरा, झांसी मण्डल, मोहर सिंह, ट्रैक मेन्टेनर-I, आगरा सिटी/आगरा मण्डल एवं नीरज, टेक्नीशियन-I/सी.एण्डडब्ल्य/आगरा कैण्ट, आगरा मण्डल शामिल हैं। नीरज, को अप्रैल माह के सर्वश्रेष्ठ रेलकर्मी के संरक्षा पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया है।

महाप्रबंधक ने नीरज, की धर्मपत्नी को एक बधाई सन्देश भेज पूरे परिवार का आभार व्यक्त किया।

# बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों से वसूल किये १०५२६५ रूपये

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। प्रयागराज मंडल द्वारा बिना टिकट यात्रियों तथा अनियमित यात्रा कने वाले यात्रियों पर अंकुश लगाने के लिए मण्डल में लगातार ट्रेनों और स्टेशनों पर चलाया जा रहा है विशेष टिकट चेकिंग अभियान,इस अभियान में जो यात्री रेलवे नियम के विरुद्ध यात्रा करते हुए पकड़े जा रहे है उन पर कठोर कार्यवाही की जा रही है।

इसी क्रम में दिनांक ०५.०५.२०२२ को ट्रेन नंबर १२५६२ स्वतंत्रता सेनानी में कानपुर और प्रयागराज के मध्य चलाया गया सघन चेकिंग अभियान,इस चेकिंग अभियान में कुल १५३ यात्री बिना टिकट पकडे गये जिनसे जुर्माना स्वरुप १०५२६५ रूपये वसूल किये गये। इस चेकिंग अभियान में सी. आई.टी./रेड तथा अन्य चेकिंग स्टाफ मौजूद रहे।

# उत्तर मध्य रेलवे के धर्मेंद्र यादव पावरलिफ्टिंग मे जीता स्वर्ण पदक




रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे के धर्मेंद्र यादव ने मैंगलोर कर्नाटक में आयोजित हुई ४७ अखिल भारतीय सीनियर नेशनल पावरलिफ्टिंग चैम्पियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ७४ किलोग्राम भारवर्ग में बेंच प्रेस और डेड लिफ्ट प्रतिस्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। धर्मेंद्र यादव उत्तर मध्य रेलवे के आगरा मंडल में आगरा फोर्ट स्टेशन पर कार्यरत हैं। ज्ञात हो कि, उत्तर प्रदेश के संभल जिले के मूल निवासी यादव इसके पूर्व भी उल्लेखनीय प्रदर्शन करते रहे हैं। इन्होंने पहले अखिल भारतीय विश्वविद्यालय चैंपियंशिप में स्वर्ण, जूनियर नेशनल चैम्पियनशिप २०२०-२१ में स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। इनकी इस उपलब्धि पर महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे प्रमोद कुमार ने बधाई दी और आगे की प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दीं तथा आशा व्यक्त की कि, भविष्य में भी ये इसी प्रकार उत्तर मध्य रेलवे और राष्ट्र के लिए इसी प्रकार उपलब्धि अर्जित करते रहेंगे। उत्तर मध्य रेलवे के कोच जीतेंद्र सिंह ने भी इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया और आगामी स्पर्धाओं के लिए इनका उत्साह वर्धन किया।

# समर्पित रेलकर्मी हमारे सिस्टम की नींव - पूनम कुमार



साभारः अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के उपलक्ष्य में महिला कल्याण संगठन उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज मण्डल द्वारा अपने मण्डल के समर्पित रेलकर्मियों का आभार एवं सम्मान व्यक्त करने के लिए दिनांक १० मई २०२२ को मण्डल के सभागार में समारोह का आयोजन किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्षा महिला कल्याण संगठन उत्तर मध्य रेलवे, मुख्यालय पूनम कुमार सहित संगठन की कार्यकारी टीम उपस्थित रही। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अध्यक्षा महिला कल्याण संगठन, उत्तर मध्य रेलवे, मुख्यालय पूनम कुमार का अध्यक्षा महिला कल्याण संगठन प्रयागराज मण्डल अंजलि अग्रवाल ने हार्दिक स्वागत व अभिनंदन किया एवं सचिव महिला कल्याण संगठन, प्रयागराज मण्डल शालिनी शुक्ला द्वारा पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। इसके उपरांत अध्यक्षा महिला कल्याण संगठन उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय पूनम कुमार एवं अध्यक्षा महिला कल्याण संगठन प्रयागराज मण्डल, महिला कल्याण संगठन उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय की कार्यकारी टीम तथा मंडल की संगठन के अन्य सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारम्भ किया गया। इस आभार एवं सम्मान समारोह में प्रयागराज मंडल के विभिन्न स्टेशनों एवं कार्य स्थलों से विभिन्न विभागों के ५१ समपत रेल कर्मियों जिन्होंने अपनी २५ वर्ष से अधिक की रेल सेवा पूरी कर ली है, को अध्यक्षा महिला कल्याण संगठन उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय पूनम कुमार, अध्यक्षा महिला कल्याण संगठन प्रयागराज मण्डल अंजलि अग्रवाल द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर आभार एवं सम्मान व्यक्त किया गया। इस अवसर पर उपस्थित रेल कर्मियों को संबोधित करते हुए अध्यक्षा महिला कल्याण संगठन उत्तर रेलवे मुख्यालय पूनम कुमार ने कहा कि मैं अपने आप को बहुत गौरवान्वित महसूस कर रही हूँ,कि आज मुझे यह अवसर मिला है कि मैं उनके बारे में कुछ कहूं जो हमारे सिस्टम की नींव हैं। जिनके बिना हम कोई भी विकास का स्वप्न नहीं देख सकते है, चल नहीं सकते और दौड़ नहीं सकते, यह कहना बिल्कुल गलत नहीं होगा कि,आप हर सिस्टम के पाँव हैं आपके बिना गति संभव नहीं है। आगे उन्होंने श्रीमद भगवत गीता में लिखी पंक्तियों को उद्धरित करते हुए कहा कि कैसी भी परिस्थिति हो बस कर्म कर, फल की चिंता मत कर, इन पवित्र पंक्तियों को आप सभी ने सार्थक किया है।

# रेलवे द्वारा मास्क लगाने और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने अपील

साभारः वर्तमान में कोरोना के बढ़ते संक्रमण पर लगाम कसने और रेलवे द्वारा यात्रियों को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से रेल प्रशासन अपने सम्मानित यात्रियों से मास्क लगाने और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने की अपील करता है।

इसी क्रम मे गृह मंत्रालय द्वारा जारी निर्देश दिनांक २२.०३.२२ के अनुक्रम में रेल मंत्रालय द्वारा जारी अद्यतन स्टेंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोटोकॉल के क्रम में यात्री अगर ट्रेन से यात्रा करने वाले हैं या रेलवे स्टेशन जाने वाले हैं तो वह मास्क जरूर लगाकर जाएं। वर्तमान समय में बढते हुए कोविड केसों को देखते हुए रेलवे अब पुनः अपने स्टेशनों पर आने वाले यात्री व ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों को मास्क लगाना व कोविड प्रोटोकॉल अनिवार्य कर रहा है ताकि कोरोना का संक्रमण रोका जा सके।

कोविड प्रोटोकॉल की अन्य गाईडलाइन का पालन करना अनिवार्य किया जा रहा है। इसी क्रम मे यह भी सलाह दी जाती है कि यात्री अपने गंतव्य स्टेशन के लिए निर्धारित गृह मंत्रलय एवं संबंधित राज्य के कोविड संबंधी निर्देशों का पालन अवश्य करें।

## सभी जेड.आर.यू.सी.सी./डी.आर.यू.सी.सी.सदस्य

उक्त पत्रिका आपको नियमित रूप से भेजी जा रही है। कृपया अपने परिक्षेत्र में हुए रेल सुधारों /सुझावों के बारे में अपना लेख प्रकाशन हेतु हमें भेजने की कृपा करें।

प्रधान सम्पादक- ज्ञानेंद्र कुमार श्रीवास्तव
मो. 9793956044, 9935224867

# Advanced Life Support Ambulance Inaugurated by GM/SER at Central Hospital Garden Reach

SOURCE:CPRO- Ms. Archana Joshi, General Manager, South Eastern Railway inaugurated two fully equipped Advanced Liffe Support Ambulance vans at SER Central Hospital, Garden Reach on 07th October, 2021 in presence of Shri Atulya Sinha, Additional Gerneral Manager, Dr. Mihir Chowdhury, Principal Chief Medical Director, Dr Ashwani Kumar Malhotra, Medical Director, S.E. Railway, other senior doctors and railway officers. Shri Amitabha Banerjee, Chairman cum Managing Director of Indian Railway Finance Corporation and Shri Ajay Swami, GM/Finance, Indian Railway Finance Corporation were also present on the occasion. These advanced ambulance vans equipped with several life support devices begin a new era in the state-of-the -art patient transport system in SER. The ambulance vans have hydraulic stretcher, folding wheel chairs, transport ventilators, multipara monitors, automatic syringe pumps, defibrillators, high flow oxygen delivery system and other life support machines in it.

This Life Support Ambulance vans have been procured at a cost fo Rs. 36 lakhs each. The project has been financed by Indian Railway Finance Corporation as a part of Corporate Social Responsibility (CSR). This kind of ambulance vans have been inducted to the fleet of ambulances for the first time in South Eastern Railway. They will be immensely beneficial at the time of emergency for the patients suffering from critical diseases.

हिंदी वह धागा है जो विभिन्न मात भाषाओं रूपी फूलों को पिरोकर भारत माता के लिए सुंदर हार का सर्जन करेगा।
डॉ जाकिर हुसैन

# North Central Railway Wrestlers Won Two Silver Medals in Senior National Wrestling Champlonship

SOURCE:CPRO- Wrestler Ravi and Vikas of North Central Railway has made North Central Railway proud by winning silver medals in Greco-Roman 97 kg weight & 60 kg weight categories respectively in ongoing Senior National wrestling competition being organized in Gonda, Uttar Pradesh. Both Mr. Ravi and Mr. Vikas are working in Commerce Department in Agra Division of North Central Railway. The President lkof North Central Railway Sports Association, Shri Sharad Mehta congrtatulated Shri Ravi and Shri Vikas on this achievement. General Secretary of North Central Railway Sports Association, Mr. Nitin Garg also congratulated the entire team including Mr. Ravi and Mr. Vikas and wished them all the best for the upcoming competitions and expressed hope that in future also Mr. Ravi and Mr. Vikas and all other players wil continue to achieve similar achievement for North Central Railway and for the nation. Wrestling coach of north Central Railway, Sandeep Dahiya also expressed happiness over the achievement of his players. He also encouraged Aryan Pawar,who stood fourth in the 130 kg weight category. It is to be known that along with these medals, both these players have also qualified for the Commonwealth Champion ship to be held in South Africa will respresent the nation there.



रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव रेल महाप्रबंधक एवं रेल अधिकारियों के साथ खजुराहो रेलवे स्टेशन पर रेल विकास के बारे में चर्चा करते हुए।

ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव सदस्य जेडआरयूसीसी उ.म.रे. महोबा रेलवे स्टेशन पर सहायक स्टेशन मास्टर के साथ यात्री सुविधा के बारे में चर्चा करते हुए।




# फ्री टैबलेट और स्मार्टफोन की योजना मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की शीर्ष प्राथमिकताओं में से एक है- "दयालु"



रे.स.ब्यूरो./सुत्र वाराणसी। उत्तर प्रदेश की आयुष मंत्री, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दया शंकर मिश्र "दयालु" ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए फ्री टैबलेट और स्मार्टफोन की योजना मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की शीर्ष प्राथमिकताओं में से एक है। उन्होंने बताया कि कोरोना काल मे शिक्षा के डिजिटली-करण के उद्देश्य से यह योजना बनाई गई थी, ताकि कोई भी छात्र टैबलेट एवं स्मार्टफोन के अभाव में शिक्षा से वंचित नही रहे। उत्तर प्रदेश की आयुष मंत्री, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर मिश्र "दयालु" शनिवार को राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय में टैबलेट एवं स्मार्टफोन वितरण समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने प्रथम चरण में बीएएमएस अंतिम वर्ष के ३८ छात्रों को स्मार्टफोन प्रदान किया। उन्होंने बताया कि शिक्षा के डिजिटलीकरण करने के उद्देश्य से शासन द्वारा यह योजना बनाई गई कि कोई भी छात्र शिक्षा से वंचित न रहने पाये और छात्र-छात्राओं को निःशुल्क टेबलेट व स्मार्टफोन योगी सरकार द्वारा मुहैया कराया जा रहा है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री का भी आभार जताया। मंत्री का स्वागत महा विद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर नीलम गुप्ता ने किया और सभी शिक्षकों ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत और सम्मान किया।



मथुरा स्टेशन पर निदेशक को उनके कार्यालय मे सम्मानित किया, साथ मे स्टेशन पर आर ओ प्लांट यात्रियों के सुविधा हेतु शीतल जल तथा वाटर कूलर लगाने कि अग्रिम करवाई हेतु विचार किया गया- देबू लाल शाह मेम्बर जेआरयूसीसी उ.म.रे.

# चैन पुलिंग कर रोकते थे ट्रेन, रेलवे ने ५ गुना बढ़ा दिया प्लेटफार्म टिकट का दाम



रे.स.ब्यू./सूत्र. मुंबईः ट्रेन में बेवजह चैन पुलिंग (Train Chain Pulling) करने वाले सावधान हो जाएं। आपकी गलती की वजह से किसी दूसरे व्यक्ति को परेशान होना पड़ेगा। ताजा वाकया सेंट्रल रेलवे (Central Railway) के मुंबई इलाके का है। वहां अपने परिजनों को स्टेशन पर सीऑफ करने आए लोग बेवजह ट्रेन की चौन पुलिंग करते थे। ताकि वे अपने परिजनों से ज्यादा देर तक बातचीत कर सकें। इसलिए रेलवे ने उन स्टेशनों के प्लेटफार्म टिकट का दाम पांच गुना बढ़ा दिया है। यह बढ़ोतरी आगामी १५ दिनों के लिए की गई है। सेंट्रल रेलवे के प्रवक्ता के मुताबिक अक्सर देखा गया कि अपने परिजनों को छोड़ने आने वाले लोग ट्रेन का चौन खींचते थे। इसलिए अब प्लेटफार्म टिकट का दाम १० रुपये से बढ़ा कर ५० रुपये कर दिया गया है। यह फैसला आज से लागू हो गया है और अगले २३ मई तक लागू रहेगा।

सेंट्रल रेलवे के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, दादर, लोकमान्य तिलक टर्मिनस, ठाणे, कल्याण और पनवेल रेलवे स्टेशन पर प्लेटफ र्म टिकट का दाम १० रुपये के बदले ५० रुपये कर दिया गया है। फिलहाल यह बढ़ोतरी १५ दिनों के लिए की गई है। ऐसा करने का उद्देश्य स्टेशन पर बढ़ती भीड़ को कम करना है।

## सम्पादकीय

# चिंतन शिविर:राह कांग्रेस की


कांग्रेस देश में ज्यादातर समय सत्ता पर काबिज रही मगर आज राष्ट्रीय राजनीति में अपनी जगह बचाने की जद्दोजहद से गुजर रही है तो इसकी वजहें भी रहीं। मगर इस हालत में पहुंचने के बावजूद अपनी दशा और दिशा में सुधार या बदलाव के लिए पार्टी को ठोस रास्ते तैयार करने के बजाय कई स्तरों पर ऊहापोह की हालत से गुजरती दिखी। कई मसलों पर मंथन और नए फैसलों के बावजूद फिलहाल नेतृत्व और अलग-अलग स्तरों पर कार्यशैली पर स्पष्टता नहीं सामने आई, लेकिन कुछ अहम मुद्दों पर अपने रुख में बदलाव के जरिए कांग्रेस ने नया संकेत देने की कोशिश की है। लेकिन राजस्थान के उदयपुर में संपन्न हुए नवसंकल्प चिंतन शिविर में पार्टी ने आत्ममंथन करने और भविष्य की राजनीति के लिए जैसी इच्छाशक्ति दिखा है, अगर वह अन्य जमीनी हकीकतों की पहचान और उसके मुताबिक व्यावहारिक राजनीति में लक्षित हो सकी, तो संभव है कि आने वाले सालों में वह अपने लिए उम्मीद के नए सिरे की तलाश कर सके। अब तक कांग्रेस के ढांचे में आयुवर्ग से लेकर अलग-अलग सामाजिक तबकों के प्रतिनिधित्व के मसले पर लंबे समय से सवाल उठते रहे हैं। इस मसले पर अब तक पार्टी का कोई स्पष्ट रुख सामने नहीं आया था। यह स्थिति पार्टी के लिए कई बार मुश्किल पैदा करती रही। मगर इस बार चिंतन के बाद पार्टी में संतुलन बनाने की कोशिश के तौर पर पहले के मुकाबले अपेक्षया साहसपूर्ण फैसला दिखा, जिसमें मुख्य रूप से युवाओं और वरिष्ठ दिग्गजों को साथ लेकर एक सलाहकार समिति के गठन के अलावा संगठन में भिन्न सामाजिक वर्गों और युवाओं को पचास फीसद प्रतिनिधित्व देने की पहल शामिल है।

# महाप्रबंधक अनुपम शर्मा की अध्यक्षता में (प्रेम) ग्रुप की बैठक आयोजित



रे.स.ब्यू./सूत्र. हाजीपुर। महाप्रबंधक अनुपम शर्मा की अध्यक्षता में हाजीपुर स्थित मुख्यालय के सभाकक्ष में प्रबंधन में रेल कर्मचारियों की भागीदारी (प्रेम समूह) की वर्ष २०२२ की प्रथम बैठक का आयोजन दिनांक २८.०४.२०२२ को किया गया। बैठक में गर्मी के मौसम में संरक्षित ट्रेन परिचालन सुनिश्चित करना एवं रेल संपत्ति का आगजनी से बचाव विषयों पर विस्तृत विचार विमर्श किया गया। बैठक में सभी विभागाध्यक्ष एवं यूनियन/एसोसिएशन के पदाधिकारी उपस्थित थे। महाप्रबंधक महोदय ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि रेल संगठन को अधिक प्रभावी बनाने एवं प्रबंधन में रेलकर्मियों की सक्रिय भागीदारी के उद्देश्य से प्रेम समूह की स्थापना की गई है। रेलकर्मियों की भागीदारी से जहां कर्मचारियों में प्रबंधन में भागीदारी की भावना जागृत होती है वहीं रेल के कार्यों की जमीनी स्तर पर समीक्षा हो पाती है। हम उन क्षेत्रों को चिन्हित कर प्राथमिकता तय कर पाते हैं जो साधारणतः रूटीन विषय बन जाते हैं । यूनियन एवं एशोसिएशन के सहयोग से एक उपयुक्त कार्य प्रणाली तैयार कर लगातार तकनीक का प्रयोग कर हम रेलसेवा एवं संगठन को प्रभावी बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में रेल संपत्ति के रख-रखाव तथा इससे जुड़े तत्वों की गहन समीक्षा से हमारे निर्णय सटीक एवं अधिक प्रभावी होंगे। आगजनी की चुनौती की संवेदनशीलता एवं इससे बचाव के लिए हम सदैव तत्पर रहते हैं। बैठक में उपस्थित प्रमुख विभागाध्यक्ष,सेंट्रल रेलवे ऑफिसर्स एसासिएशन के अध्यक्ष जे.के.पी.सिंह तथा महासचिव राजेश कुमार, एससी/एसटी एसोसिएशन के जोनल सचिव पवन कुमार राम एवं यूनियन के अन्य पदाधिकारियों में अपने-अपने विचार रखे । बैठक का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन उप महाप्रबंधक (सा.) सह प्रेम ग्रुप के सचिव नितिन कुमार द्वारा किया गया।

# पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन के गुड्स शेड पर माल लदान का उत्कृष्ट प्रदर्शन



साभारः पूर्व मध्य रेल के पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल (डीडीयू मंडल) द्वारा माल लदान में उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी है। दिनांक ०५ मई २०२२) गुरुवार को मंडल के पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन के गुड्स शेड (डीडीयू गुड्स शेड) से लंबे समय में पहली बार बाहर माल (Outward Goods) भेजने हेतु माल लदान किया जा रहा है। इस क्रम में मंडल के पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन स्थित गुड्स शेड से आंध्र प्रदेश में बिक्कवोलु (BVL) भेजने हेतु ४२ बीसीएन वैगन वाली फुल रेक मालगाड़ी पर लगभग २६०० टन गेहूं का लदान जारी है। गेहूं के इस लदान से पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल (डीडीयू मंडल) को लगभग ५२ लाख रुपए के राजस्व की प्राप्ति की उम्मीद है। पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन (डीडीयू जंक्शन) स्थित गुड्स शेड से पहली बार गेहूं लादकर सुदूर आंध्र प्रदेश भेजा जाना डीडीयू मंडल के लिए बड़ी उपलब्धि है जिसमें मंडल में गठित बिजनेस डेवलपमेंट यूनिट के निरंतर प्रयासों की प्रमुख भूमिका रही। विदित हो कि पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन (डीडीयू जंक्शन) स्थित गुड्स शेड पर बाहर से आने वाले माल (Inward Good) की अनलोडिंग ही होती रही है। पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल(डीडीयू मंडल) द्वारा उद्यमियों) व्यापारियों किसानों आदि को सुविधा एवं लाभ पहुंचाने हेतु माल लदान क्षमता एवं सुविधा में निरंतर विस्तार सफलतापूर्वक किया जा रहा है। इस संदर्भ में मंडल में गठित बिजनेस डेवलपमेंट यूनिट द्वारा निरंतर संपर्क के माध्यम से नए माल भाड़ा ग्राहकों को रेलवे से माल परिवहन सेवा एवं सुविधाओं का लाभ उठाने हेतु प्रोत्साहित कर माल लदान से रेल राजस्व में वृद्धि के प्रयास लगातार जारी हैं।

## प्रचंड गर्मी से प्रयागराज बेहाल

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। देश के पूर्वोत्तर मैदानी राज्यों में उष्ण तीक्ष्ण गर्मी अपने चरम पर है। शुक्रवार दिनांक १३.०५.२०२२ को जिले में अधिकतम तापमान ४६.६ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम का सर्वाधिक है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक अभी तपिश और बढ़ेगी। प्रयागराज मे शुक्रवार को सुबह से ही सूरज की तल्खी बनी रही। सुबह नौ बजे से तपिश बढ़ने का क्रम शाम तक जारी रहा।

# प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी पुरस्कार समारोह आयोजित



रे.स.ब्यू./सूत्र. बिलासपुर। नार्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट ऑडिटोरियम में ६७वें रेल सप्ताह समारोह के उपलक्ष्य में वित्तीय वर्ष २०२१-२२ में विभिन्न क्षेत्रों में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिनांक ०६ मई, २०२२ को कार्मिक विभाग के कर्मचारियों को प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी स्तर के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेन्द्र अग्रवाल, मुख्य कार्मिक अधिकारी (औ.सं) दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा ३० रेल कर्मचारियों को व्यक्तिगत पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसमें मुख्यालय के ०८ कर्मचारी, बिलासपुर मण्डल के ०७ कर्मचारी, रायपुर मण्डल के ०५ कर्मचारी, वैगन रिपेयर शॉप के ०३ कर्मचारी एवं नागपुर मण्डल के ०७ कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

कर्मचारियों को नकद पुरस्कार, प्रशस्ति पत्र एवं रजत पदक से सम्मानित किया गया।

# वित्तीय वर्ष २०२१-२२ के दौरान रेलवे ने की रिकार्ड माल ढुलाई

रे.स.ब्यूरो./सुत्र-नई दिल्ली वित्त वर्ष २०२१-२२ के दौरान भारतीय रेल ने माल ढुलाई, के दौरान भारतीय रेल ने माल ढुलाई, विद्युतीकरण, नई लाइन दोहरीकरण व गेज परिवर्तन, लोको उत्पादन और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रौद्योगिकी के एकीकरण सहित विभिन्न श्रेणियों में ऐतिहासिक उपलब्धियाँ हासिल की हैं। भारतीय रेल के अनुसार वित्त वर्श २०२१-२२ में रेलवे ने माल ढुलाई के क्षेत्र में १४१८.१० मीट्रिक टन माल ढुलाई की है, जो २०२१-२२ में १२३३.२४ मीट्रिक टन की माल ढुलाई की तुलना में १५ प्रतिशत अधिक हैं यह किसी वित्त वर्ष में भारतीय रेल के लिए अब तक की सबसे अधिक माल ढुलाई है और भारतीय रेल ने सितम्बर २० से मार्च २२ तक लगातार संबंधित १६ महीनों में अब तक की सबसे अधिक मासिक माल ढुलाई हासिल की है।

वहीं विद्युतीकरण के क्षेत्र में साल २०२१-२२ के दौरान भारतीय रेल के इतिहास में ६,३६६ रूट किमी का रिकार्ड विद्युतीकरण हासिल किया गया है।


साल २०२०-२१ के दौरान पिछला उच्चतम विद्युतीकरण ६,०१५ रूट किलोमीटर था, जोकि ३१.०३.२०२२ तक, भारतीय रेल (केआरसीएल सहित) के बीजी नेटवर्क के ६५,१४१ रूट किलोमीटर में से ५२,२४७ ब्रांड गेज रूट किलोमीटर का विद्युतीकरण किया गया हैं, जो कुल ब्रांड गेज नेटवर्क का ८०.२० प्रतिशत है। वहीं नई लाइन और दोहरी-करण, गेज परिवर्तन में २४०० किलोमीटर के लक्ष्य के मुकाबले २६०४ किलोमीटर और २०२०-२१ के २३६१ किलोमीटर के लक्ष्य को हासिल किया गया था। यह पिछले साल के मुकाबले २३ प्रतिशत ज्यादा है।

# बरेका के कार्य प्रबंधक बी.पी.गुप्ता राष्ट्रीय रेल पुरस्कार के लिए चयनित



रे.स.ब्यूरो./ बनारस रेल इंजन कारखाना के कार्य प्रबंधक, मशीन एवं संयंत्र बी.पी.गुप्ता को राष्ट्रीय रेल पुरस्कार-२०२२ के लिए चयनित किया गया। विदित हो कि दिनांक २८ मई, २०२२ को भुवनेश्वर में आयोजित ६७वां राष्ट्रीय रेल सप्ताह पुरस्कार २०२२ के अवसर पर बरेका के कार्य प्रबंधक बी.पी.गुप्ता को रेल मंत्री पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। जो बरेका के लिए बड़े ही गौरव की बात है।

श्री गुप्ता द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्य से मोजाम्बिक में रेल इंजनों को समय से निर्यातित किया जा सका। इनके द्वारा व्यय में मितव्ययिता, उत्पादकता में सुधार, आयात प्रतिस्थापन आदि क्षेत्र में नवीनता के साथ सराहनीय कार्य किये गये। विदित हो कि बरेका में मौजूदा लोकोमोटिव वेट ब्रिज केवल मीटर गेज और ब्राड गेज इंजनों के वजन के लिए ही था, जबकि मोजाम्बिक को निर्यात करने के लिए केप गेज के उच्च अश्व शक्ति लोकोमोटिव का आदेश प्राप्त हुआ था, उस समय केप गेज लोको तौल के लिए कोई वेट ब्रिज उपलब्ध नहीं था। इस कारण केप गेज लोकोमोटिव के लिए उपयुक्त वेट ब्रिज बनाने का निर्णय लिया गया। यह कार्य बहुत ही चुनौतीपूर्ण व अभिनव था। श्री गुप्ता के ईमानदार प्रयासों से घरेलू संसाधनों के साथ मौजूदा वेट ब्रिज के संशोधन में उत्कृष्ट कार्य किया गया और केप गेज के साथ-साथ मानक गेज और ब्राड गेज इंजनों के वजन के लिए वेट ब्रिज को उपयुक्त बनाया गया। यह काम बहुत कम समय में किया गया, जिससे मोजाम्बिक में इंजनों को समय से भेजा जा सका। इस नए नवोन्मेषी कार्य ने नए तुला पुल की लागत में भी लगभग रु. ४६ लाख की बचत हुई। इसके अतिरिक्त, इनके द्वारा किये गये अन्य इनोवेटिव कार्यों से बरेका को करोड़ो रूपये की बचत हुई । इसके लिए कार्य प्रबंधक श्री बी.पी. गुप्ता को राष्ट्रीय रेल पुरस्कार-२०२२ के लिए चयनित किया गया। महाप्रबंधक अंजली गोयल ने प्रसन्नता व्यक्त की एवं गुप्ता को बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं दी ।




# बोंगू नरसिम्हा राव का सराहनी कार्य

-दक्षिण पूर्व रेलवे

रे.स.ब्यूरो./ बंकुरा रेलवे स्टेशन पर १२ फरवरी, २०२१ को एक व्यक्ति ने सामने से आ रही ट्रेन नम्बर-०८०२७ (एएसएन-केजीपी पैसेंजर) के सामने आत्महत्या करने के इरादे से पटरी पर छलांग लगा दी। सीटी/बोंगू नरसिम्हा राव ने उस व्यक्ति को देखा और वह तुरंत मौके की ओर लपकते हुए और अपनी जान की परवाह किए बिना उसे पटरी से परे धकेल दिया। इस तरह उन्होंने एक ऐसे व्यक्ति की जान बचा ली, जो आत्महत्या करने जा रहा था। उनकी इस बहादुरी की सराहना करते हुए महामहिम राष्ट्रपति द्वारा उन्हें जीवन रक्षा पदक प्रदान किया गया है।

## Indian Railway Develops Art Gallery with Souvenir shop at Kevadiya Railway station under

**PIB/NDLS: Adding one more tourist attraction near 'Statue of Unity' , Vadodara Division, Westeern Railway has awarded first of its kind contract in Indian Railways for development of Art Gallery with Souvenir shop at Kevadiya Railway station under PPP initiative.**

**Drawing on the benefits of PPP model,the Art Galllery will showcase different Art & Craft forms of Gujarat and India and will be developed and operated by private party with earnings to Railways of 24.7 lacs and potential revenue lof 2.83cr. This concept will not only enrich the experience of people visiting Kevadiya, but on social front, this unique concept will also provide employment to the local tribal people of Narmada district by giving them an opportunity to promote their tribal art.**

यदि मनुष्य कुछ सीखना चाहे, तो उसकी हर भूल उसे कुछ शिक्षा दे सकती है।

महात्मा गांधी

# कायस्थ समाज जागरूक हो

रे.स.ब्यूरो./सुत्र भोपाल में कायस्थ समाज द्वारा कायस्थ भवन का निर्माण किया गया है जिसमें २५ एसी रूम हैं आप लोगों को जानकर खुशी होगी की यहां के प्रबंधन ने हमारे कायस्थ बंधुओं के लिए एक सुविधा प्रदान की है कि कायस्थ बंधुओं के बच्चे जो भी भोपाल आकर एग्जाम देना चाहते हैं या फिर उनका प्रिपरेशन करना चाहते हैं वह यहां पर आकर रुक सकते हैं १०० दिन का चार्ज होगा पूरी सुविधाएं मिलेंगी बस आपको अपना पैन कार्ड आधार कार्ड एक लाना होगा और यदि कोई छात्र यहां आती है तो उसके साथ उसके पेरेंट्स आना आवश्यक होगा बिना पेरेंट्स के परमिशन नहीं है भाई या अन्य कोई को परमिशन नहीं है सिर्फ पापा या कोई गार्जियन चाचा उनके साथ ही आना आवश्यक है।

# ईश्वरम्मा दिवस पर कार्यक्रम




रे.स.ब्यूरो./सुत्र प्रयागराज साई सेंटर, आर०के० पुरम, हवेलिया, झूंसी में श्री सत्य साई सेवा संगठन के तत्वावधान में, भगवान श्री सत्य साई बाबा की पूजनीय माता ईश्वरम्मा की पुण्य तिथि पर सायंकाल बच्चों द्वारा विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। दीप प्रज्वलन के पश्चात बच्चों द्वारा वेद पाठ, गणेश वंदना एवं सरस्वती वंदना की प्रस्तुति की गई। तत्पश्चात बच्चों द्वारा विविध कार्यक्रम जिसमें भजन, गीत, संगीत नाटिकाओं की मनोरम प्रस्तुतियों से प्रेक्षागृह में खचाखच भरे लोग झूम उठे।

कार्यक्रम में ग्राम महेशपुरा के बच्चों ने बड़ी संख्या में अपने अभिभावकों सहित भाग लिया।

पूरे कार्यक्रम के दौरान सारा वातावरण भक्ति भाव और उल्लास से भरा हुआ था, जो महामंगल आरती और प्रसाद वितरण से समाप्त हुआ जिसकी सूचना कोऑर्डिनेटर आई.टी. अनूप सिंह ने दी है।

कार्यक्रम को सफल बनाने में राज्य बाल विकास संयोजिका डॉ श्रीमती हिमानी उपाध्याय तथा बाल विकास गुरु जन,श्रीमती प्रतिभा सिंह, श्रीमती अंजना झा, कु० साईशा सिन्हा, कु० प्रशांति उपाध्याय एवं कु० हिमाद्रिजा पाठक की प्रमुख भूमिका रही।

हमारा लक्ष्य संरक्षा सुरक्षा एवं समय पालन

# रेल कौशल विकास योजना के अंतर्गत प्रशिक्षणार्थियों को मिला प्रमाण पत्र



रे.स.ब्यू./सूत्र.हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल द्वारा रेल कौशल विकास योजना के अन्तर्गत युवाओं को उद्योग आधारित प्रशिक्षण प्रदान कर कुशल एवं रोजगार के लिए सक्षम बनाने के प्रयास के तहत दिनांक ११.०४.२०२२ से ०५.०५.२०२२ के मध्य पूर्व मध्य रेल के विभिन्न प्रशिक्षण केन्द्रों में प्रशिक्षण के उपरांत कुल ६८ प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गयी। इस योजना के तहत पूर्व मध्य रेल के विभिन्न प्रशिक्षण केंद्रों में अब तक कुल ५५८ युवाओं को प्रशिक्षण के उपरांत प्रमाण पत्र प्रदान किया जा चुका है। प्रशिक्षुओं ने प्रशिक्षण पूरा होने पर काफी हर्ष व्यक्त किया। विदित हो कि युवाओं में कौशल विकास के लिए भारतीय रेल में ''रेल कौशल विकास योजना'' का शुभारंभ दिनांक १७.०६.२०२१ को रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रोद्योगिकी मंत्री, भारत सरकार द्वारा किया गया था।

# श्री रामायण यात्रा के लिए चलाई जाएगी पहली ट्रेन





रे.स.ब्यूरो./रेल मंत्रालय द्वारा भारत गौरव पर्यटक ट्रेन चलाने की योजना बनाई गयी थी। आईआरसीटीसी द्वारा पहली भारत गौरव ट्रेन २१ जून से प्रारंभ की जा रही है। यह ट्रेन स्वदेश दर्शन के अंतर्गत चिन्हित रामायण सर्किट पर प्रभु श्रीराम के जीवन से जुड़े स्थलों का पर्यटन कराएगी। नेपाल स्थित जनकपुर मे राम जानकी मंदिर का भ्रमण भी ट्रेन टूर में शामिल होगा। २१ जून को दिल्ली सफदरजंग रेलवे स्टेशन से १८ दिनों के टूर पर रवाना होगी 'भारत गौरव' एसी पर्यटक ट्रेन। आईआरसीटीसी की भारत गौरव ट्रेन में एसी तृतीय श्रेणी के कुल १० कोच यात्रियों के लिए होंगे जिसमें कुल ६०० यात्री यात्रा कर सकेंगे। इस पर्यटक ट्रेन में पैन्ट्री कोच की सुविधा होगी जिससे पर्यटकों को शाकाहारी भोजन परोसा जाएगा । साथ ही इन्फोटेन्मेंट सिस्टम, सीसीटीवी कैमरा, सिक्युरिटी गार्ड इत्यादि की व्यवस्था भी उपलब्ध कराई जाएगी। मेसर्स आर. के. एसोसिएट्स, इस भारत गौरव ट्रेन के लिए आईआरसीटीसी के साथ सर्विस पार्टनर रहेगा। आईआरसीटीसी ने टूर के बुकिंग प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए पेटीएम व रेजरपे जैसी पेमेंट गेटवे संस्थाओं से करार किया है जिससे भुगतान डेबिट/क्रेडिट कार्ड के माध्यम से आसान किश्तों में किया जा सके। नई दिल्ली १०.०५.२०२२ भगवान श्रीराम में आस्था रखने वाले श्रद्धालुओं के लिए बड़ी खुशखबरी है। भारतीय रेलवे का उपक्रम आईआरसीटीसी, रेल मंत्रालय द्वारा उद्घोषित भारत गौरव पर्यटक ट्रेन का संचालन शुरू करने जा रहा है। धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए आधुनिक साज सज्जा के साथ तैयार पहली वातानुकूलित भारत गौरव ट्रेन श्री रामायण यात्रा के लिए चलाई जाएगी। यह विशेष पर्यटक ट्रेन दिल्ली से २१ जून को प्रारंभ होगी व पर्यटकों को प्रभु श्रीराम से जुड़े सभी महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों का भ्रमण व दर्शन कराएगी। पूरी यात्रा में कुल १८ दिन लगेंगे। यात्रा का पहला पड़ाव प्रभु श्री राम का जन्म स्थान अयोध्या होगा जहां श्री राम जन्मभूमि मंदिर श्री हनुमान मंदिर व नंदीग्राम में भरत मंदिर का दर्शन कराया जाएगा। अयोध्या से रवाना होकर यह ट्रेन बक्सर जाएगी जहां श्री विश्वामित्र जी का आश्रम व रामरेखा घाट पर गंगा स्नान का कार्यक्रम होगा।

# कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इलाहाबाद



रे.स.ब्यूरो./सुत्र प्रयागराज उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार आज दिनांक १४.५.२०२२ को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इलाहाबाद के तत्वाधान में जनपद न्यायालय इलाहाबाद व समस्त तहसीलों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन प्रातः १०:०० बजे माननीय न्यायाधीश ध्अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इलाहाबाद अनिल कुमार श्रीवास्तव द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया राष्ट्रीय लोक अदालत में ६१६६७ वादों को निस्तारित किया गया । माननीय जनपद न्यायाधीश इलाहाबाद अनिल कुमार श्रीवास्तव द्वारा १७ वादों को निस्तारित किया गया। फौजदारी वादों के कुल ६१४६ वादों को निस्तारित किया गया। पारिवारिक न्यायालय द्वारा कुल ७४ वादों का निस्तारण समझौते के आधार पर किया गया । मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण द्वारा १३० वाद निस्तारित करते हुए कुल रुपए १५६२००० प्रति कर प्रदान किए गए। कमर्शियल कोर्ट द्वारा २० वादों को निस्तारित किया गया ।

विद्युत के ६२ मामलों का निस्तारण किया गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट हरेंद्र नाथ द्वारा ११०४ वाद। रेलवे मजिस्ट्रेट उत्सव गौरव राज द्वारा १३०२ वाद, अमित वर्मा न्यायिक मजिस्ट्रेट तृतीय द्वारा ८२० वादों का निस्तारण किया गया। राजस्व न्यायालय द्वारा कुल ६२ ५८२ वादों का निस्तारण किया गया। बैंक के प्री लिटिगेशन के १२८७ मामले निस्तारित किए गए ।यह जानकारी प्रज्ञा सिंह द्वितीय सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार इलाहाबाद द्वारा दी गई।

# वसूली करते पकड़ा गया फर्जी टीटीई

रे.स.ब्यू./सूत्र प्रयागराज। वाराणसी से ओखा जाने वाली ओखा एक्सप्रेस में रविवार दिनांक ०१.०५.२०२२ को एक फर्जी टीटीई पकड़ा गया। बताया जा रहा है कि वह ट्रेनों में सवार यात्रियों से फर्जी रसीद काटकर वसूली करता था। उसके पास से फर्जी रसीद भी बरामद हुई। रेलवे बोर्ड की टीम ने फर्जी टीटीई की घेराबंदी कर उसे जीआरपी की मदद से पकड़ लिया। बतादें की ओखा एक्सप्रेस में यात्रियों को फर्जी रसीद के माध्यम से वसूली करने की सूचना अफसरों को मिल रही थी। फर्जी टीटीई को पकड़ने के लिए रेलवे बोर्ड की टीम ने जीआरपी प्रयागराज से संपर्क साधा। इसके बाद रविवार को जीआरपी ने फर्जी टीटीई को पकड़ने के लिए योजना बनाई थी।

# रनिंग स्टॉफ फैमिली सेमिनार आयोजित

रे.स.ब्यू./सूत्र प्रयागराज। बेसिक ट्रेनिंग सेंटर झांसी के सेमिनार हाल में रनिंग स्टाफ फैमिली सेमिनार का आयोजन दिनांक १६.०५.२२ को किया गया। जिसमें मंडल रेल प्रबंधक झांसी आशुतोष मुख्य तिथि के तौर पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ए पी गौतम वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (परिचालन), सचिन चौरसिया सहायक मंडल विद्धुत अभियंता (परिचालन), एस के शर्मा सहायक मंडल यांत्रिक अभियंता ,९५ मुख्य लोको निरीक्षकों एवं २२ परिवारों सहित ११५ रनिंग स्टाफ ने भागीदारी सुनिश्चित की। मंडल रेल प्रबंधक द्वारा प्रत्येक रनिंग स्टाफ एवं परिजनों से व्यक्तिगत रूप से उनकी समस्यायों की विस्तृत जानकारी ली गयी एवं संबंधित अधिकारियों एवं सुपरवाइजर को त्वरित समाधान हेतु निर्देशित किया। कार्यक्रम का आयोजन मुख्य क्रू नियंत्रक ए के दीक्षित एवं बी टी सी प्रशिक्षक अजय सिंह यादव द्वारा किया गया।

# उत्तर प्रदेश बना सबसे ज्यादा एक्सप्रेस-वे वाला राज्य

रे.स.ब्यू./प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संकल्प और प्रेरणा से यूपी बना है सबसे ज्यादा एक्सप्रेस-वे वाला राज्य । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास की नई रफ्तार पकड़ रहा है और इसकी झलक बीते कुछ महीनों में ना केवल प्रदेश बल्कि देशवासियों ने भी देखी।

स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कह चुके हैं कि उत्तर प्रदेश अब एक्सप्रेस प्रदेश के रूप में पहचाना जाने लगा है। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे जनता को समर्पित हो चुका है और बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे का निर्माण कार्य जल्द ही पूरा होने वाला है।

वहीं प्रधानमंत्री ने प्रयागराज से मेरठ तक बनने वाले प्रदेश के सबसे बड़े ५६४ किमी लंबे एक्सप्रेस-वे का शिलान्यास हो गया है।

# रेलवे सुरक्षा बल ने तस्करी मुक्त राष्ट्र के लिए एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन के साथ किया समझौता



पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने तस्करी मुक्त राष्ट्र के लिए एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन (एवीए) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। राष्ट्र को तस्करी से मुक्त बनाने के एक साझा उद्देश्य से एक साथ मिलकर काम करने के लिए रेलवे सुरक्षा बल के महानिदेशक संजय चंदर ने ८ अप्रैल २०२२ को कैलाश सत्यार्थी की उपस्थिति में कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन (केएससीएफ) की सीईओ सुश्री रजनी सिब्बल के साथ विस्तृत विचार-विमर्श शुरू किया था। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर होने के साथ विचार-विमर्श को आगे बढ़ाया गया, जिसमें आरपीएफ और एवीए (बचपन बचाओ आंदोलन के रूप में भी जाना जाता है) दोनों ने सूचना साझा करने, मानव तस्करी के खिलाफ काम करने के लिए आरपीएफ कर्मियों और रेलवे कर्मचारियों की क्षमता बनाने, संवेदनशीलता बढ़ाने और जागरूकता पैदा करने और मानव तस्करी के मामलों की पहचान करने और पता लगाने में एक-दूसरे की मदद करने के उद्देश्य से एक साथ मिलकर काम करने का संकल्प लिया। समझौता ज्ञापन के कार्यक्रमों के तहत दोनों हितधारकों द्वारा एक संयुक्त कार्रवाई से निश्चित रूप से देश भर में आरपीएफ द्वारा शुरू किए गए "ऑपरेशन एएचटी" (मानव तस्करी के खिलाफ कार्रवाई) की व्यापकता, पहुंच और प्रभावशीलता बढ़ेगी। रेलवे सुरक्षा बल को रेलवे संपत्ति, यात्री क्षेत्र और यात्रियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह रेल मंत्रालय द्वारा जारी बच्चों के बचाव के लिए मानकीकृत संचालन प्रक्रिया द्वारा अनिवार्य जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहा है और इसने "ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते" के तहत अन्य हितधारकों के साथ मिलकर काम करते हुए २०१८ से ५०,००० से अधिक बच्चों का बचाव किया है। इसने हाल ही में रेल के माध्यम से मानव तस्करी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए "ऑपरेशन एएचटी" शुरू किया है और मानव तस्करी के शिकार लोगों को तस्करों के चंगुल से छुड़ा रहा है। तस्करों के खिलाफ अपनी कार्रवाई के दौरान, इसने २६८ नाबालिग लड़कियों सहित १४०० से अधिक नाबालिगों को तस्करों के चंगुल से छुड़ाया है। आरपीएफ ने पूरे भारत में ७४० से अधिक स्थानों पर मानव तस्करी रोकथाम इकाइयों (एएचटीयू) की स्थापना की है, जिन्हें इस क्षेत्र से जुड़ी अन्य एजेंसियों के समन्वय से मानव तस्करी के खिलाफ कार्रवा करने का निर्देश दिया गया है। एसोसिएशन ऑफ वॉलंटरी एक्शन (एवीए) को बचपन बचाओ आंदोलन के रूप में भी जाना जाता है। यह कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन से जुड़ा है, जिसकी स्थापना १६७६ में नोबेल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी के नेतृत्व में की गई थी। इसकी स्थापना का उद्देश्य बच्चों के खिलाफ सभी प्रकार की हिंसा को खत्म करना और एक ऐसी दुनिया बनाना जहां सभी बच्चे स्वतंत्र, सुरक्षित और स्वस्थ हों और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करते हों। एवीए का उद्देश्य सहयोगात्मक कार्यों, राष्ट्रीय और वैश्विक नीतियों को सशक्त करके, कर्तव्य निर्वहन करने वाले लोगों का क्षमता निर्माण करके, नीति के कार्यान्वयन में सर्वोत्तम तरीकों की पहचान करके और बाल संरक्षण से संबंधित नियामक ढांचे को मजबूत करके इस मिशन को पूरा करना है। यह देश भर में फैले समर्पित फील्ड एजेंटों और स्वयंसेवकों के एक बड़े नेटवर्क के बल पर एक महत्वपूर्ण हितधारक है। बचपन बचाओ आंदोलन (बीबीए) पुलिस/आरपीएफ के साथ बाल तस्करी के खिलाफ सूचना साझा कर रहा है और तस्करों की गिरफ्तारी को बचाने में सहायता कर रहा है और बच्चों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई के क्षेत्र में जानकारी और विशेषज्ञता तैयार करता है। भारतीय रेल देश के लिए प्राथमिक ट्रांसपोर्टर है और इसलिए मानव तस्करों के लिए परिवहन का एक प्रमुख रूट है।

# रेल संरक्षा आयुक्त ने किया झाँसी- बीना रेल खंड का निरीक्षण



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। रेल संरक्षा आयुक्त मोहम्मद लतीफ़ खान द्वारा बिजरौठा -ललितपुर के मध्य (२६.५४१ किमी) रेल खंड पर तीसरी लाइन के पूर्ण कार्य का निरीक्षण दिनांक: १०.०५.२२ को किया गया। जिसके अंतर्गत ट्रैक्शन, सिग्नल, गेट, ब्रिज, पॉइंट्स आदि का गहन निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने इंस्पेक्शन कैरिज तथा मोटर ट्राली से रेलखंड के अंतर्गत आने वाले स्टेशनों- बिजरौठा जखौरा, दैलवारा एवं ललितपुर स्टेशन पर नए सभी प्रकार के नए संस्थापनों की परख की। निरीक्षण उपरान्त सम्बंधित नव स्थापित ट्रैक पर गाडी को १२० किमी. प्रति घंटा की स्पीड से दौड़ाकर स्पीड ट्रायल के माध्यम से ट्रैक की गुणवत्ता, रीडिंग क्वालिटी आदि की परख ली गयी। रेल संरक्षा आयुक्त की अनुमति के उपरान्त, यह नव तिहरीकृत रेल खंड यात्री गाड़ियों एवं मालगाड़ी के सुरक्षित सं्चालन हेतु उपलब्ध होगा। इस तीसरी लाइन के खंड के प्रारंभ होने से झाँसी- बीना रेल खंड पर गाड़ियाँ के संचालन में सुगमता आएगी, गति मिलेगी तथा समय पालनता में वृद्धि होगी। निरीक्षण के दौरान रेल संरक्षा आयुक्त के साथ मंडल रेल प्रबंधक आशुतोष, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी निर्माण शरद मेहता सहित अन्य अधिकारीगण, पर्यवेक्षकगण तथा स्टाफ उपस्थित रहे।

# पूर्व मध्य रेल द्वारा अप्रैल-२०२२ में किया गया रिकॉर्ड लदान

रे.स.ब्यूरो./प्रयागराज।पूर्व मध्य रेल द्वारा रिकार्ड कायम करते हुए चालू वित्तीय वर्ष २०२२-२३ के अप्रैल माह में १४.३२ मीलियन टन माल का लदान किया गया है जो पिछली अवधि (अप्रैल, २०२१) में किए गए माल लदान १३.५७ मीलियन टन की तुलना में ५.५३ प्रतिशत अधिक है । इसी तरह अप्रैल, २०२२ में १२.६७ मीलियन टन कोयले का लदान किया गया जो पिछली अवधि (अप्रैल, २०२१) में किए गए कोयले की लदान १२.३६ मीलियन टन से लगभग ५ प्रतिशत अधिक है । भारतीय रेलवे, जिसने वर्ष २०२१-२२ में माल ढुलाई में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया था, उसे इस वर्ष भी जारी रखते हुए माह अप्रैल, २०२२ में १२२.२ मिलियन टन का प्रारंभिक माल लदान किया गया । यह माल लदान अप्रैल, २०२१ में किये गये माल लदान १११.६४ मिलियन टन की तुलना में १०.५ मिलियन टन ज्यादा अर्थात ६.५ प्रतिशत अधिक है।

# अब बिना रिजर्वेशन हो सकेगा कई ट्रेनों के जनरल कोच में सफर

रे.स.ब्यूरो./प्रयागराज। आरक्षित जनरल कोच में बिना रिजर्वेशन सफर करने की एवज में अब यात्रियों को जुर्माना नही देना होगा। जो की जनरल कोच में सफर करने वाले यात्रियों के लिए राहत भरी खबर है। क्योंकि उत्तर मध्य रेलवे जोन के प्रयागराज मंडल से गुजरने एवं शुरू होने वाली ऐसी कई ट्रेनों के नाम जारी किए हैं, जिसमें अगले कुछ दिन के दौरान जनरल कोच में बिना रिजर्वेशन यात्री सफर कर सकेंगे। बतादें कि वर्ष २०२० में लगे लॉक डाउन के बाद जब ट्रेनों का संचालन शुरू हुआ तो उनके जनरल कोच में बिना रिजर्वेशन सफर की मनाही हो गई। धीरे-धीरे माहौल सामान्य होने लगा तो यात्रियों की मांग पर रेलवे ने १५ अप्रैल २०२२ से ट्रेनों के जनरल कोच में सफर की अनुमति दे दी।

# QR Code based digital payments facility can be availed in ATVMs

Source: CPRO/SR:- Automatic Ticket Vending Machines (ATVM) have been installed in several stations of Southern Railway for booking journey tickets, platform tickets and renewal of season tickets. A total of 99 ATVM machines are installed and available at 6 divisions all over Southern Railway. In an effort to encourage cashless transactions and digital payments, Southern Railway has introduced QR (Quick Response) code based payment of ticket fare in Automatic Ticket Vending Machines (ATVMs). Journey and Platform tickets can be purchased using QR code facility.

In addition, renewal of season tickets can also be done. Further, smart card can also be recharged using QR codes generated in ATVMs.

# Aruna Singh takes charge of the Post of Chairman & Managing Director of RailTel Corporation of India Limited (RCIL).



PIB/NDLS : Our timely delivery of services and execution of projects will strengthen RailTel's brand name amongst major telecom /ICT players of India : Mrs. Aruna Singh ,CMD, RailTel. Mrs.Aruna Singh presently working as Additional Member (Telecom) /Railway Board took over additional charge of the post of Chairman & Managing Director of RailTel Corpora-tion of India Limited (RCIL) on 11th May'2022.

Aruna Singh is an officer of 1985 batch of Indian Railway Service of Signal Engineers (IRSSE) and a Graduate in Electronics and Telecomm-unication from Delhi College of Engineering, Delhi.

Starting her career from Northern Railway zone, she has held many important assignments in different zones & wings of Indian Railways like Chief Workshop Manager (CWM),Ghaziabad; Divisional Railway Manager (DRM), Hyderabad Division, South Central Railway; Chief Signal & Telecom Engineer (CSTE)/(Project) & Chief Communication Engineer, Northern Railway; Principal Chief Safety Officer, North Western Railway; Additional General Manager (AGM)/North Western Railway & Executive Director (ED) / Railway Electrification / (S&T) in Railway Board.

She attended many training programes /Courses in India & Abroad during her career which includes professional courses from Indian Railways Institute of Signal Engineering and Telecommunications, (IRISET) Secunderabad, Public Policy Diploma from Indian Institute of Public Administration (IIPA), New Delhi, Strategic Management courses from Shanghai and Paris and Management Strategies course from Carnegie Mellon University, USA.

During her distinguished career, her thrust has been on proper planning & timely execution of projects. During her tenure in S&T Department, she had commissioned works of Route relay interlocking, microwave and optical fibre network on Northern Railway & setting up erstwhile security helpline "182" for Indian Railways. Her contribution in "green initiatives" like rejuvenation of vintage open wells & water conservation measures on South Central Railway won 'Minister of Railways special award'.

In a meeting held with senior officials of RailTel, the new CMD of RCIL, Mrs. Aruna Singh said, "RailTel has been doing really well business wise and I am confident that this team will be able to continue the momentum with the 'customer first' approach. Our timely delivery of services and execution of projects will strengthen RCIL's brand name amongst major telecom /ICT players of India. RCIL will continue to be in the forefront of Digital Transformation taking place in the country."

About RailTel: RailTel, a "Mini Ratna (Category-I)" Central Public Sector Enterprise under Ministry of Railways, is one of the largest neutral telecom infrastructure providers in the country owning a Pan-India optic fiber network covering several towns& cities and rural areas of the country. Along with a strong a reliable network of 61000+ RKM of Optic fibre, RailTel has two MeitY empaneled tier III data centers as well. With its Pan India high-capacity network, RailTel is working towards creating a knowledge society at various fronts and has been selected for implementation of various mission-mode projects for the Government of India in the telecom field. RailTel offers a bundle of services like, MPLSVPN, Telepresence, leased line, Tower Co-location, Data center services etc. RailTel is also working with the Indian Railways to transform railway stations into digital hub by providing public Wi-Fi at railway stations across the country and 6100+ stations are live with RailTel's RailWire WiFi.

## बनारस घराने से पंडित शिव कुमार शर्मा को था गहरा लगाव



रे.स.ब्यू./प्रयागराज। संतूर का पर्याय बन चुके पंडित शिव कुमार शर्मा के जाने से हर संगीत प्रेमी दुखी है। संकट मोचन मंदिर के महंत प्रो. विश्वंभरनाथ मिश्र ने बताया कि शिवकुमार शर्मा के निधन से न सिर्फ काशी के कला साधकों का मन आहात हुआ है बल्कि विश्व के अनेक देशों में शास्त्रीय संगीत प्रेमियों को गहरा सदमा लगा है। उन्होने बताया कि तबला वादन की दीक्षा उन्होंने यहां से ली। १६६२ से संकट मोचन संगीत समारोह में प्रतिवर्ष आते और स्वरांजलि प्रस्तुत करते थे। इस बार भी वे आना चाहते थे।

## सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड, प्रयागराज का वार्षिक निरीक्षण सम्पन्न



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड, प्रयागराज का वार्षिक निरीक्षण दिनांक ०८.०५.२०२२ को केंदीय चिकित्सालय, उ.म.रे, प्रयागराज के प्रांगण में सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर डॉ राकेश निगम, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एवं उप आयुक्त, सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड/उ.म.रे/प्रयागराज द्वार परेड की सलामी ली गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ डॉ राकेश निगम उप आयुक्त ने दीप जलाकर किया एवं ब्रिगेड के द्वार किये कार्यों को सराहा। इस अवसर पर एम.के. कुलश्रेष्ठ/कोर कमांडर (प्रशा), दिनेश कुमार डिवीजनल कमांडर/प्रशा. एवं सेवा निवृत्त डिवी. कमांडर (प्रशासन) एम.एच. अंसारी आदि उपस्थित होकर अपने अपने विचार व्यक्त किये।इस अवसर पर ब्रिगेड द्वारा लगाई गई प्राथमिक उपचार प्रदर्शनी का अधिकारियों द्वारा अवलोकन कर इसकी भूरि भूरि प्रशंसा किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में एम्बुलेंस अधिकारी पवन कुमार यादव, आलोक वर्मा, राजीव सिह, उदय चंद्र मौर्य, सतपाल सिंह तथा रिटायर्ड एम्बुलेंस अधिकारी ए.के आर्या का विशेष योगदान रहा। उक्त कार्यक्रम में ब्रिगेड द्वारा पूरे वर्ष में किए गये सराहनीय कार्यों के लिए दोनों ब्रिगेड के सदस्यों की प्रशंसा की गई। वर्ष २०२१-२२ में उत्कृष्ट कार्यों के लिए दोनों ब्रिगेड के सदस्यों को सम्मानित किया गया और अगामी होने वाले सभी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सदस्यों ने संकल्प लिया।

### पाठकों से अनुरोध

विगत वर्षों की भाँति आगामी वर्ष के लिए अपनी रेल समाचार ब्यूरो पत्रिका को सुरक्षित करने के लिए वार्षिक सद्स्यता शुल्क शीघ्र भेजने की कृपा करें, जिससे उक्त पत्रिका आपको नियमित भेजी जा सके।

सहयोग राशि:

१.उच्चतम अधिकारी- ५००० रु. मात्र
२.उच्च अधिकारी- ३५०० रु. मात्र
३.अधीनस्थ अधिकारी-२५०० रु. मात्र
४.रेलकर्मी/अन्य सदस्य-१०००रु.मात्र

**प्रबंध संपादक**
ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव/ अनिल केन
रेल समाचार ब्यूरो कैंप कार्यालय-८४३६ आर्य नगर पहाड़गंज दिल्ली-५५

**समस्त प्रकार के कानूनी मामलों का न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा।**

सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी
ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
दि. इलाहाबाद ब्लाक वर्क्स प्रा. लि. 329/255, चक, जीरो रोड, इलाहाबाद से मुद्रित एवं 502 पंचशीला भवन त्रिवेनी रोड, नेतानगर,कीडगंज इलाहाबाद-211003 से प्रकाशित। आर.एन. आई नं.51097-90 पोस्ट ए.डी-8
मो. 9793956044,9935224867
फोन नं.-0532-2418040

## झांसी मंडल ने किया वैगन लदान, राजस्व में उल्लेखनीय प्रदर्शन



साभार: झाँसी मंडल द्वारा माल लदान एवं राजस्व अर्जन के साथ राजस्व में वृद्धि हेतु निरंतर प्रयासरत है। जिसके अंतर्गत मंडल द्वरा वैगन लदान में उत्कृष्ट कार्य करते हुए अप्रैल २०२२ प्रतिदिन ४५० वैगन लोड किये गए ये अब तक का किसी माह में सर्वोत्तम प्रदर्शन है। पिछ्ला सर्वोत्तम प्रदर्शन दिसम्बर २०२१ में प्रतिदिन औसतन ४२६ वैगन लदान था। इसी प्रकार मंडल द्वारा अप्रैल २०२२ विभिन्न वस्तुओं ०.७६ मीट्रिक टन का माल लदान किया गया जो कि किसी माह में सामान लदान का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया गया। जबकि पिछ्ला रिकार्ड दिसम्बर २०२० में ०.७७ मीट्रिक टन का लदान ही किया गया था। उल्लेखनीय है कि मंडल द्वारा अप्रैल माह में उदयपुरा साइडिंग से फ्लाई-एश लदान में अब तक का श्रेष्ठ प्रदर्शन किया गया। यहाँ से ३० रैक कृे द्वारा ०.१२ MT लदान किया गया है जो कि पिछले रिकार्ड मार्च २०२२ में कुल २२ रैक (०.०६ MT) से ०८ रैक (०.०३ MT) अधिक है। मंडल द्वारा अप्रैल माह में प्रतिदिन औसतन ६०५८ वैगन का थ्रूरूपुट (मंडल से वैगनो का आदान प्रदान) किया गया। जबकि पिछले वर्ष अप्रैल माह में ७६२३ वैगन के मुकाबले १४.३ प्रतिशत ज्यादा है। इसी प्रकार मंडल द्वारा राजस्व अर्जन में अप्रैल २०२२ के दौरान कुल राजस्व १४०.६३ करोड़ रुपये है, जो कि अप्रैल'२१ में राजस्व अर्जन रू.७८.१६ करोड़ रुपये की तुलना में ८०.३१ प्रतिशत ज्यादा है ।